**खबर संक्षेप**

### शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद बंटी साहू

**छिन्दवाड़ा।** गांधी गंज छिन्दवाड़ा में स्थित पंचेश्वर हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद मंदिर में श्रीराम दरबार एवं श्री शिव परिवार की प्राण प्रतिश्ठा के पूर्व मंदिर समिति एवं क्षेत्रवासियों द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू ने शामिल होकर श्रीराम दरबार एवं श्री शिव परिवार के दर्शन किये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, गांधी गंज व्यापारी मंडल के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रतीक शुक्ला, सचिव अशोक संचेती, नगर निगम सभापति बलराम साहू, राजकुमार साहू, अतुल माहेश्वरी, आशुतोश डागा, अरुण अग्रवाल, शरद पंपालिया सहित अन्य नागरिक जन उपस्थित थे।

### एसडीएम ने लगाए पौधे, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**जुन्नारदेव :** एसडीएम कामिनी ठाकुर ने जन्मदिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक पहल करते हुए नगर के शासकीय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जनपद पंचायत, नगर परिषद और राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। एसडीएम महोदया ने नीम, पीपल और करंज जैसे पौधों का रोपण किया।पर्यावरण के लिए उपयोगी वृक्षों का रोपण कर यह संदेश दिया कि जन्मदिन जैसे निजी अवसरों को भी हम सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ सकते हैं।वृक्ष जीवन के रक्षक हैं। यदि हम आज एक पौधा लगाते हैं, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु और हरियाली का उपहार दे सकते हैं,₹।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे पार्षद संजय जैन सहित अन्य नागरिकों ने भी पौधारोपण में भाग लिया और पर्यावरण रक्षा के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी दी गई।

## नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने ईएलसी चौक, परासिया रोड से हटाया अतिक्रमण

# अतिक्रमणकारियों पर निगम ने की सख्त कार्यवाही स्वयं अतिक्रमण तोड़ते नजर आए व्यापारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। इस कार्यवाही का नेतृत्व नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय एवं छिंदवाड़ा एसडीएम सुधीर जैन द्वारा किया गया।

कार्यवाही के पूर्व निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा ईएलसी चौक, मेन हॉस्पिटल, शनिचरा बाजार, परासिया रोड, नागपुर रोड, मटन मार्केट, गोलगंज, इतवारी बाजार, बुधवारी बाजार, धर्म टेकडी, नरसिंहपुर नाका, गांधी गंज, कुंडीपुरा थाना क्षेत्र, सिवनी रोड, नरसिंहपुर रोड, छोटा तालाब, छोटी बाजार, पॉवर हाउस रोड, चांदनगांव, गुरैया रोड सहित शहर के अन्य बाजार मुख्य मार्ग में लाउड स्पीकर के माध्यम से मुनादी कर सभी लोगों को अपने स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की अपील की गई है। इसके उपरांत बुधवार को जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा ईएलसी चौक एवं मेन हॉस्पिटल से इंदिरा तिराहे तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई। इस कार्यवाही टीन शेड, स्थाई चबूतरे सहित अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। जिला कलेक्टर के आदेश पर यह कार्यवाही लगातार शहर के विभिन्न स्थानों में जारी रहेगी। इस कार्यवाही में सीएसपी श्री अजय राणा ,यातायात थाना प्रभारी श्री राकेश तिवारी ,थाना कोतवाली थाना प्रभारी श्री आशीष धुर्वे, कुंडीपुरा थाना प्रभारी श्री मनोज बघेल सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पांढुर्णा के ग्राम पेंढोनी का मामला

# जंगली सुअर के हमले में किसान हुआ घायल, उपचार जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम पेंढोनी में दोपहर के वक्त रोटावेटर करते किसान कैलाश कोरडे पर अचानक हमला कर जंगली सूअर ने उन्हें घायल कर दिया। किसान को जांघ, हाथ, पैर और पीठ पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए। किसान ने बताया कि रोटावेटर रोकर कर पानी पीने के लिए कुंए की तरफ चले गए जहां जंगली सूअर ने उन पर पीछे से जोरदार हमला कर दिया। किसान की चीख पुकार सुनकर पडोसी किसान मौके पर पहुंचे जिससे कैलाश की जान बची।

# शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने शांति समिति की बैठक में लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

ग्राम में बुधवार को 6:00 बजे सिंगोड़ी पुलिस चौकी प्रांगण में ईद उल-अज़हा का त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ईद उल-अज़हाक के पावन उपलक्ष्य में पुलिस चौकी प्रांगण में आज अमरवाड़ा थाना प्रभारी एवं अमरवाड़ा तहसीलदार प्रभारी व ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित जनप्रतिनिधियों एवं मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। बैठक में ग्राम में साफ सफाई पानी की व्यवस्था सहित ईदगाह और मस्जिद प्रांगण में साफ सफाई की व्यवस्था कराने की बात कही गई। वहीं नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखें और ईद का पर्व खुशियों से मनाने की बात कही ।इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि सहित आसपास के अनेक लोग बड़ी संख्या पर मौजूद रहे।

### वैश्य महासम्मेलन ने भगवान महेश की शोभा यात्रा का किया स्वागत



**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई छिंदवाड़ा द्वारा स्थानीय गणेश चौक पर भगवान महेश की विशाल वाहन शोभा यात्रा का स्वागत किया गया । यह शोभा यात्रा वैश्य महासम्मेलन के प्रमुख घटक माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर्व पर छिंदवाड़ा नगर में भ्रमणार्थ निकाली गई थी जिसके गणेश चौक पहुंचने पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी नेमा, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, जिला अध्यक्ष अनिल सिंघई द्वारा भगवान महेश का पूजन अर्चन किया गया । युवा पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा शोभा यात्रा में शामिल माहेश्वरी समाज के बंधुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर सर्वश्री जे पी नेमा, रमेश जाखोटिया, नीरज भारद्वाज, अनिल सिंघई, विकास वात्सल्य, शैलेंद्र जैन एम आर, चेतन बज चानी, अजय पिंटू चौरसिया, अंकित साहू, जितेंद्र जैन, शुभम साहू, पंकज साहू, प्रवीण जैन पांडे, अजय जैन, सुनील जैन दिगंबर, सुधीर जैन,आदित्य नाहर, कुंज राठी,आकाश गुप्ता, राजेंद्र बाकलीवाल, बृजेश कालपीवार, संदीप जैन प्रशिक्षण अधिकारी, निलेश जैन आनंदम, ने रोहित राठी अरविंद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे । माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष डॉ.महेश चांडक द्वारा वैश्य महासम्मेलन द्वारा स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया गया ।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई में दो शराब तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत इक्का के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सौंसर में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये प्राप्त सूचना के आधार पर जाखावाड़ी फॉरेस्ट रेस्ट हाऊस के पास प्रातः के समय घेरा बंदी कर एक स्प्लेंडर मोटर साइकिल क्रमांक MP 28 ND 4222 से 5 पेटीयों में 240 पाव ऑफिसर च्वॉइस व्हिस्की, विदेशी मदिरा तथा 01 पेटी में 50 पाव देशी प्लेन मदिरा कुल 290 पाव 52.2 बल्क लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा को बरामद कर जप्त की गई तथा आरोपी हितेश पिता इंदर सिंह रेनवार एवं पवन पिता लक्षण साहू को म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) क 34 (2) व 47 क के तहत गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया तथा माननीय न्यायालय के आदेश पर 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को दी जा रही उन्नत तकनीकी की जानकारी

**छिन्दवाड़ा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र देलाखारी तामिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.आर.एल.राऊत के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा जिले के पांच विकासखण्डों में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के आदेशानुसार दिये गये रूटचार्ट के आधार पर विभिन्न दलों के वैज्ञानिक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के मूल उद्देशों को साकार रूप दे रहे हैं।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.राऊत अपने दल के साथ विकासखण्ड परासिया के ग्राम मायावाड़ी, कारीडोंगरों एवं उड़धन पंहुचे और कृषकों को खेती की तकनीकी जानकारी प्रदाय की। कृषि विज्ञान केन्द्र के व्दितीय दल में डॉ.एस.के.अहिरवार, सस्य वैज्ञानिक द्वारा अमरवाड़ा विकासखण्ड के ग्राम पौनार, छुई एवं सालीवाड़ा शारदा के कृषकों को उन्नत तकनीकी की जानकारी दी गई।

## शहर में विद्युत चोरी के विरुद्ध चलाया विशेष अभियान



**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि म.प्र. पूर्व् षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा द्वारा मई माह में विद्युत चोरी के विरुद्ध जिले के सभी संभागों में मास चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें विभाग द्वारा 1000 से ज्यादा प्रकरण दर्ज किये गये। इसके अंतर्गत 2000 से अधिक कनेक्शनों की जांच, 1000 से अधिक अनाधिकृत उपयोग पर सख्त कार्यवाही, 1000 से अधिक जुर्माने की कार्यवाही कर उपभोक्ताओं को वैध कनेक्शन लेने के लिये प्रेरित किया गया। विभाग को राजस्व हानि से बचाने का प्रयास - विद्युत चोरी जैसी गंभीर समस्या पर नियंत्रण के लिये म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा द्वारा मई माह में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी संभागों में मास चेकिंग की गई, जिसमें सैकड़ों उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की जांच की गई। अभियान के दौरान कंपनी की विशेष टीमों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर मीटरों की गहन जांच की। इस कार्यवाही में कई स्थानों पर अनाधिकृत रूप से बिजली उपयोग करने के मामले सामने आए। विद्युत चोरी के मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया गया और कई गंभीर मामलों में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। माह मई में अभियान के दौरान जिले के शहर संभाग में 39 प्रकरणों से राशि 502484 रूपये, पूर्व संभाग में 207 प्रकरणों से राशि 5341960 रूपये, अमरवाड़ा में 122 प्रकरणों से राशि 1125209 रूपये, चौरई में 276 प्रकरणों से राशि 6695078 रूपये, जुन्नारदेव में 90 प्रकरणों से राशि 5193098 रूपये, पांढुर्णा जिले में 90 प्रकरणों से राशि 5185656 रूपये, परासिया में 170 प्रकरणों से राशि 3346723 रूपये, सौसर में 87 प्रकरणों से राशि 928304 रूपये, इस प्रकार कुल प्रकरण 1081 से राशि 2,83,18,512 रूपये का जुर्माना किया।

# सांसद ने की जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परासिया मैग्नीज लाइन स्थित श्री सिद्ध बाबा मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा और परासिया के वार्ड 13 स्थित श्री विंध्यवासिनी माता मंदिर में आयोजित शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ने शामिल होकर जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की है। इस दौरान उन्होंने श्रीमद् देवी भागवत कथा का श्रवण किया और कहा कि श्रीमद् देवी भागवत का श्रवण मानव के कल्याण के लिए अमृत स्वरूप है। वही सांसद श्री साहू ने शिव महापुराण का श्रवण कर युवाओं से आह्वान किया कि आज ऐसे धार्मिक आयोजनों की सख्त ज़रूरत है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी धर्म मार्ग का अनुसरण कर सनातनी परंपरा के ध्वज वाहक बनें।

इस दौरान सांसद श्री साहू ने परिवार सहित छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित युवराज पांडेय के मुखारविंद से धर्म कथा का श्रवण कर भक्ति रस का खूब आनंद उठाया। आचार्य श्री ने धर्म का मर्म समझाते हुए धर्म के मार्ग पर चलकर मानव कल्याण का मंत्र दिया। सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ आरती कर व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# चौरई 11 ने 15 रनों से जीता मैच

## आदिवासी प्रीमियर में चल रहे रोमांचक मुकाबले, पहुंच रहे दर्शक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके द्वारा आदिवासी प्रीमियर लीग (क्रिकेट प्रतियोगिता) का आयोजन स्थानीय इनर ग्राउंड में आज किया जा रहा है।आयोजक प्रमुख एवं नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने बताया कि आयोजित आदिवासी प्रीमियर लीग 2025 के प्रथम संस्करण में बुधवार को पहला मैच जुन्नारदेव 11 विरुद्ध चौरई 11 के बीच खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए चौरई 11 ने 12 ओवर में 144 रन बनाएं, वही जुन्नारदेव 11 ने 11.2 ओवर में 10 विकेट पर 129 रन बना पाए, चौरई 11 ने 15 रनों से जीत लया, जिसमें मैंन ऑफ द मैच संदीप रहे।जिसमें मुख्य अतिथि महापौर श्री विक्रम अहके जी, श्री अगहन शाह उईके जी, श्री जयराम मरावी जी, श्री एल.सी. मरावी जी, श्री एस.बी. इवनाती जी, श्री सुरेश कुमार परस्ते जी, श्री आर.एस. उईके जी, श्री चित्रगुप्त सिसोदिया जी, श्री अरविंद धुर्वे जी, श्री संजय परतेती जी, श्री हेमकरण शाह तिरगाम जी, श्री सी.बी. अहके जी, श्री संजय परतेति जी, श्री विनोद कुर्राम जी, श्री अनिकेत अहाके जी, श्री अभिषेक पंद्रे, श्री डॉक्टर धर्मेंद्र मरावी जी, एवं प्रतियोगिता के सचिव श्री राघवेंद्र शाह उईके जी ने कल के मैच 05.06.2025 के बारे में बताया की कल एक मैच खेला जाएंगे, जिसमें मैच सुबह 9:00 बजे से बिरसा मुंडा 11 वरुद्ध हर्रई 11 के बीच खेला जाएगा।

# जल स्रोतों की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को दिया जल संरक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वयक संजय बामने के नेतृत्व में नवांकुर संस्था उषा समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास समिति के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र वासनिक के मार्गदर्शन में विकासखंड तामिया के सेक्टर- 4 पांडू पिपरिया के अंतर्गत ग्राम खंडुवा में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान मेंटर श्री सुभाष मिनोटे, श्री सरयाम, श्री सरजू, श्रीमती सरोज, श्रीमती रामवती, राम प्रसाद, द्वारका, श्री हिरालाल, दुर्गेश उइके व ईश्वर सीताराम उपस्थित व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कृषकों की भूमि छीनने के विरोध में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** ग्राम सतनूर तहसील उमरेठ जिला छिन्दवाड़ा के आवेदक कृषकगणों का आरोप है कि हमारे ग्राम के ही भुवनलाल, गोविन्द, खेलन, लख्खू, सुन्दर, विनोद, जयराम, सतीश, अकलेश यदुवंश, पूरनलाल, राजकुमार, जागेश्वर यदुवंशी, कृष्णाबाई, पिग्याबाई, विद्याबाई, मेमवती यदुवंशी आदि परिवारों की जमीन इनके स्वामित्व व हक की कृषि भूमि में से मोक्षधाम तक आवागमन हेतु इनकी बिना अनुमति के रास्ता बनाने के लिये भूमि का अधिग्रहण करने हेतु इन कृषकों को तहसीलदार उमरेठ द्वारा आम नोटिस दिये जाने के विरोध में जय भीम सेना सामाजिक संगठन ने आज 4 जून दिन बुधवार को सैंकड़ों के साथ धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर छिंदवाड़ा के माध्यम से सौंपा और मांग की गई कि इन गरीब कृषकों की भूमि के अधिग्रहण हेतु तहसीलदार कार्यालय उमरेठ द्वारा पूर्व में दिये गये नोटिस की निष्पक्ष जांच कर इन्हे दिलाया जाये अन्यथा संगठन को विवश होकर इन गरीब कृषकों को न्याय दिलाने हेतु शासन एवं प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पडेगा जिसकी समस्त जबावदारी शासन-प्रशासन की होगी ।

## फसलों के चयन तथा संतुलित उर्वरकों एवं खादों के प्रयोग के लिए किया जागरुक

# कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने की वैज्ञानिक पद्धति बताई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के चौरई विकासखंड की ग्राम पंचायत कौआखेड़ा में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित उर्वरकों एवं खाद के प्रयोग के लिए जागरुक एवं शिक्षित किया जा रहा है तथा किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किए गए नवाचार अनुसंधान की दिशा का निर्धारण किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत कौआखेड़ा में उन्नतशील कृषकों द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलों का नवाचार किया जा रहा है, जो कि जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। किसानों के द्वारा अपने खेतों में नई-नई फसलों का समावेश किया जा रहा है जैसे मूंग, उड़द, गन्ना, अरबी, नेपियर घास आदि। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत पशु पालन विभाग से जिले के नोडल अधिकारी डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार के नेतृत्व में कृषकों को पशुपालन विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई और पशुओं में लगने वाले विभिन्न रोग एवं बीमारियों के उपचार की विधि बताई गई। इसी तारतम्य में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र से टीम अधिकारी डॉ.सरिता सिंह (वैज्ञानिक) द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिये वैज्ञानिक पध्दति की जानकारी दी गई एवं साथ ही मुख्य रूप से उपयोगी घटकों के विषय में बताया गया, जैसे कि बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र आदि की जानकारी कृषक भाइयों एवं बहनों को विस्तृत रूप से बताई गई।

कृषि विज्ञान केंद्र से ही सुंदरलाल अलावा द्वारा खरीफ मौसम में लगने वाली फसलों की जानकारी दी गई एवं उन्नतशील किस्मों का किस प्रकार चयन किया जा सकता है, मिट्टी की उर्वरता कैसे होनी चाहिए, किस समय सिंचाई, उर्वरक एवं दवाइयों का प्रयोग किया जाना चाहिए, इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कृषि विभाग से श्री उमेश पाटील द्वारा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग से ही ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर श्रीमती कल्पना उईके के द्वारा प्राकृतिक खेती के नवाचार के लिये किस प्रकार से क्लस्टर बनाए जा रहे हैं, इस विषय की जानकारी किसानों को दी गई। उद्यानिकी विभाग से श्री ओम सोनी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों के बीच साझा की गई।

## डॉक्टरों की गैरहाजिरी का प्रतिवेदन सीएमचओ छिंदवाडा तथा कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना किया प्रेषित

# दिव्यांग शिविर के पहले दिन छिंदवाड़ा के 3 डॉक्टर नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

म.प्र. शासन द्वारा पांढुर्ना में आज पहले दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांगों की जांच उपरांत दिव्यांगता का अनुपात निश्चित कर वे शासन की किन योजनाओं में पात्र है या अपात्र इसका निर्णय हो पाएगा। अब तक पांढुर्ना जिले के दिव्यांगों को अपनी जांच कराने छिंदवाडा जाना पडता था।

शासन ने दिव्यांगों को परेशानियों से बचाने के लिए पांढुर्ना सिविल अस्पताल में माह के पहले बुधवार को शिविर आयोजन का फैसला किया है। आज यहां पहला दिव्यांग शिविर था जिसमें ड्यूटी लगाए जाने पर भी छिंदवाडा जिला अस्पताल के डॉ. चंद्रशेखर दुबे, डॉ. तपेश पेनीकर तथा मेडिकाल कॉलेज छिंदवाडा की डॉ. पूनम सिंह ठाकुर नदारद पायी गई।



इन चिकित्सकों की गैरहाजिरी की चलते स्थानीय डॉक्टरों को दिव्यांगों के परीक्षण में अधिक परिश्रम करना पडा। विकासखंड चिकित्साधिकारी दीपेंद्र सलामें के अनुसार गैरहाजिर डॉक्टरों द्वारा हमें कोई सूचना नहीं दी गई है।

इन डॉक्टरों की गैरहाजिरी का प्रतिवेदन सीएमचओ छिंदवाडा तथा कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना प्रेषित किया जा रहा है।

## आधार फाउंडेशन में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, निकाली तिरंगा रैली

**छिंदवाड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस की मंगल बेला पर नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में सामाजिक संस्था सक्षम एवं आधार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाकर विविध अनुष्ठान किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सम्मिलित हुए जिनका आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे एवं सक्षम के जिला सह संयोजक महेश किन्थ सहित दिव्यांग बच्चों ने पौधा भेंट कर अभिनंदन किया।इस अवसर पर श्री जैन ने सभी को जीव रक्षा एवं



पर्यावरण संरक्षण का महत्व बता कर सभी से एक पौधा मां के नाम लगाने, प्लास्टिक का उपयोग न करने, पानी बचाने सहित अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की अपील कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।तिरंगा रैली निकाली -सभी ने पहलगांव हमले में शहीद हुए नागरिकों को भावांजलि अर्पित कर भारत माता की जय घोष करते हुए तिरंगा रैली निकाली और नगर का भ्रमण किया, रैली की पूर्णता पर आधार परिसर में पौधारोपण किया ओर सभी दिव्यांग बच्चों को भोजन कराकर विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आधार फाउंडेशन की सभी शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## महेश नवमीं पर बेरडी-सौंसर में माहेश्वरी समाज ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के पावन अवसर पर बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। आयोजन में विशेष आकर्षण का केंद्र सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं, जिसमें समाज के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश की प्रतिमा पूजन के साथ किया गया। इस दौरान विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाएं अनीषा अमित सुदा एवं ट्विंकल नवनीत टावरी को समाज द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समाज ने बच्चों की इस उपलब्धि को प्रेरणादायी बताया।कार्यक्रम में श्रीकृष्ण राठी, अशोक सुदा, बृजकिशोर सुदा, बल्लभदास टावरी,नंदकिशोर टावरी, अशोक व्यास, अनिल चांडक, राधेश्याम सुदा, कैलाश सुदा, यश टावरी, वैभव चांडक, मुन्ना राठी, आशीष चांडक नवनीत टावरी आदि थे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती और प्रसादी का आयोजन हुआ। समाजजनों ने इस अवसर पर एकता, संस्कृति और सेवा के मूल्यों को सहेजने का संकल्प दोहराया। इसी कड़ी में सौसर नगर में भी बुधवार कोसौसर माहेश्वरी मंडल के तत्वाधान में माहेश्वरी समाज का वशोत्पति दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर प्रातः भगवान महेश की अभिषेक और पूजा अर्चना की गई प्रश्चात विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, बड़ी संख्या में आयोजन में समाज बंधुओ ने उपस्थित होकर सभी कार्यक्रमों को सफल बनाया।

## किसानों को नहीं मिल रहा डीएपी यूरिया खादः विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

उमरानाला के खाद गोदाम को लेकर बुधवार को विधायक विजय चौरे ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल करते हुए भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। विधायक विजय चौरे ने सोशल मीडिया पर कहा की ये दृश्य उमरानाला के खाद गोदाम का है। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। किसानों की लंबी कतारें नहीं लगनी चाहिए इसके लिए बोर्ड पर लिख दिया गया है कि डीएपी यूरिया नहीं है। यह चित्र साफ़ दिखा रहा है कि किसान विरोधी भाजपा सरकार केवल विज्ञापन और प्रचार प्रसार वाली सरकार है, भाजपा सरकार किसानों को रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। क्षेत्र के किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है..बुवाई का समय आ गया है, किसान खाद के लिए दर दर भटक रहा है, खाद की काला बाज़ारी हो रही है, हम इसके ख़िलाफ़ आंदोलन करेंगे।

## आशीष भाजपा कुंडा मंडल उपाध्यक्ष बने

**छिंदवाड़ा।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, संभागीय प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी संतोष पारिक,पूर्व विधायक जिलाध्यक्ष पंडित रमेश दुबे जी विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र बबलू पटेल जिला उपाध्यक्ष नीरज बंटी पटेल जिला पंचायत सदस्य ऋषि पटेल एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा कुंडा मंडल अध्यक्ष धरमसिंग वर्मा द्वारा भाजपा कुंडा मंडल समिति घोषित की गई । भाजपा कुंडा मंडल की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष आशीष वर्मा,शुभम मोनू शर्मा, धनराज वर्मा, रिक्खीराम वर्मा, मथुरा सनोडिया, श्रीमती सुधा नागोत्रा, महामंत्री सौरभ भार्गव, श्रीमती सकुन वर्मा, मंत्री रामभारोस राय, संतोष राय, भगवानदास चंद्रवंशी, श्रीमती शांतिबाई उइके, श्रीमती सीता वर्मा, श्रीमती पितरवती वर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश सोनी, कार्यालय मंत्री राजकुमार साहू, मीडिया प्रभारी संदीप राय आईटी प्रभारी नियुक्त किए गए।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर और उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व श्री अनुप हंजुरा, महाप्रबंधक (कन्हान एवं पेंच ) ने किया। इस पहल का नेतृत्व श्री अविकांत खोब्रागड़े (महाप्रबंधक संचालन) और डॉ. हासिम (एएमओ) ने किया।

जिसका उद्देश्य दातला यूजी खदान परियोजना से प्रभावित स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था, जिससे उनके समग्र कल्याण में सुधार हो सके।शिविर, जो सरस्वती शिशु मंदिर वार्ड क्रमांक 9 और 11 के मध्य में आयोजित किया गया था, मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और आवश्यक दवाएं प्रदान करता था, जिससे विभिन्न स्वास्थ्य विसंगतियों का शीघ्र पता लगाने और रोकथाम में सुविधा होती थी। चिकित्सा पेशेवरों की एक समर्पित टीम ने संपूर्ण जांच



की, जिसमें निवारक देखभाल और विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों के प्रारंभिक निदान पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे समय पर और प्रभावी हस्तक्षेप की सुविधा हो सके।कोयला मंत्रालय के उद्देश्यों के अनुरूप, शिविर ने स्वास्थ्य पहलों में सामुदायिक भागीदारी के सर्वोपरि महत्व पर जोर दिया जिससे स्वास्थ्य असमानताओं को समाप्त करने के लिए समुदाय की प्रतिबद्धता मजबूत हुई। यह प्रयास डब्ल्यूसीएल की सामुदायिक कल्याण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और क्षेत्र के लिए एक स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए उनकी समर्पण को प्रदर्शित किया जा सके।

## आज सौंसर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करेगी धरना प्रदर्शन

**सौंसर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर के तत्वावधान में किसानों से समर्थन मुल्य पर मुंग,तुअर, मुंगफल्ली की खरीदी के संबंध में तथा क्षेत्र में फैले अवैध धंधों पर रोक लगाने हेतु आज बुधवार 5 जून को तहसील कार्यालय सौसर में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। विधायक विजय चौरे द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया कि किसान विरोधी जन विरोधी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार लगातार किसानों के साथ छलावा कर रही है, तुअर की ठीक से खरीदी नहीं की जा रही है,एक माह से अधिक समय होने पर भी जिन किसानों ने तुअर सरकार को बेची है उसका भुगतान आज तक नहीं किया गया। सौसर क्षेत्र में इस वर्ष सर्वाधिक मूंग की पैदावार हुई है, सरकार मूंग का पंजीयन नहीं कर रही है, किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है,समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है,खाद की काला बाज़ारी हो रही हैं और भी क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर द्वारा तहसील कार्यालय सौसर के पास एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में किसानों और आम आदमी की आवाज़ को बुलंद करने तथा शासन–प्रशासन को नींद से जगाने हेतु कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारियों क्षेत्र के समस्त किसानों, युवाओ,महिला, मजदूरों सभी से विनम्र अपील की है।

## गायत्री शक्तिपीठ लांजी में आज गायत्री जयंती पर तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ का होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी नगर के भिलाई रोड वार्ड नंबर 12 में स्थित गायत्री शक्तिपीठ लांजी में 5 जून दिन गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि मूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस एवं गायत्री जयंती के पावन उपलक्ष्य में दिनांक 5 जून गुरुवार को प्रातः 8 बजे से गायत्री शक्तिपीठ लांजी में 3 कुंडिय गायत्री महायज्ञ संस्कार, कार्यकर्ता उद्बोधन एवं पूर्णाहुति,पश्चात महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।लांजी गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा नगर एवं क्षेत्र के सभी प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल एवं युवा मंडल तथा सभी धर्म प्रेमी जनों को कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया गया है।

### जिले के ग्राम पंचायतों में सरपंच मनरेगा राशि भुगतान को लेकर निरंतर परेशान

# मनरेगा कार्यों के राशि भुगतान न होने से ग्राम विकास कार्य हो गये ठप्प


### जिले में 6162 लाख रू. मनरेगा मजदूरी और 3167 लाख रू. मटेरियल भुगतान लंबित

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जिला सरपंच संघ जिला सचिव व विधिक संरक्षक, सरपंच व अधिवक्ता आनंद बिसेन ने जिले के वर्तमान परिस्थितियों में ग्राम पंचायत मनरेगा योजनानंतर्गत पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वर्तमान वर्ष चालू वर्ष 2025-26 पिछले लगभग 16 माह से मनरेगा मटेरियल राशि भुगतान कुल 3167.89 लाख रू. एवं पिछले आठ माह से लंबित मनरेगा मजदूरी भुगतान राशि कुल अब 6162.70 लाख रू. की ग्रामीण जनता मजदूर और ग्राम पंचायतों के हित में तत्काल भुगतान करने की मॉग प्रदेश सरकार और प्रदेश के पंचायत विभाग मंत्री, प्रमुख सचिव और आयुक्त से की है।

ज्ञात हो कि एकमात्र मनरेगा योजना ऐसी जनहितैषी गरीब मजदूर, किसानों ग्रामीण क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण योजना हैं, जिससे गांव और देश जिंदा रहता है। मजदूरों का मनरेगा के कारण पलायन रूकता हैं, ग्राम पंचायतों में विकास कार्य छोटे बड़े संपन्न होते है। किंतु वर्तमान में देखा जा रहा है कि इस प्रदेश शासन काल में पंचायत राज ग्राम स्वराज और मनरेगा जैसी योजना समाप्ति की ओर है, जिससे ग्राम पंचायतों का विकास ठप्प हो गया है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर हाथ को काम दिलाने और विकास का पहिया गांव में तेजी से घुमाने के उद्देश्य से देश प्रदेश में




लागू की गई मनरेगा योजना पिछले 18 महिनों से जिले व प्रदेश में उधारी के भरोसे चल रही हैं। जिले के मनरेगा पोर्टल पर दर्ज ऑकड़ों के अनुसार जिले में 6162 लाख रू. मनरेगा मजदूरी और 3167 लाख रू. मटेरियल भुगतान लंबित हैं। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र की जनता को गरीब मजदूर किसानों को भरी गर्मी में अपने सगे संबंधी, बेटा, बेटियों, रिश्तेदारों के शादी ब्याह में भारी आर्थिक तंगी झेलनी पड़ी है। ग्राम पंचायतों के हमारे सरपंचगणों, सचिवों और रोजगार सहायकों को पिछले लंबे समय से मटेरियल सप्लायर दुकानदारों और गरीब ग्रामीण मजदूरों द्वारा मनरेगा कार्यों के लंबित पेमेंट और मजदूरी के लिए परेशान किया जा रहा है। जिससे मानसिक रूप से परेशान है और भुगतान लंबित होने से ग्रामों में नये विकास कार्य नहीं हो पा रहे है। मजदूर गांव से पलायन कर रहे है। भारी आक्रोश का माहौल ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में व्याप्त है।

श्री बिसेन ने मनरेगा भुगतान लंबित राशि को लेकर मनरेगा के प्रदेश संचालक अवि प्रसाद से समस्या रख मांग भी की है। उन्होनें कहा है कि केंद्र से हम जल्द ही बजट मंगा रहे है। सरपंच साथी रोज रोज के तकाजों से निरंतर परेशान हैं। प्रदेश सरकार और पंचायत राज ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा जिला प्रशासन से मांग की है कि पिछले 18 महिनों से लंबित मनरेगा कार्यों की मजदूरी और मटेरियल राशि का भुगतान जिले की सभी ग्राम पंचायतों को अतिशीघ्र कराया जाये अन्यथा ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि और मजदूर सरपंच संघ के द्वारा उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## विधि शम्भरकर पीएचडी के लिए अधिसूचित



**वारासिवनी।** नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एम सी शंभरकर की सुपुत्री श्रीमती विधि शम्भरकर को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा जेन्डर आईडेंटीटी इश्यू ऑफ ट्रांसजेंडर इन द प्रेजेन्ट लीगल सिमारियो इन इंडिया ह्यूमन राइट्स परस्पेक्टिव (मानवाधिकार विधि) में पीएचडी की उपाधि अवार्ड करने के लिए पात्र अधिसूचित किया गया है। उन्होंने अपना शोध कार्य श्री सी के चौरसिया एसोसियेट प्रोफेसर भोपाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया हैं। वह वर्तमान में ए के एस विश्वविद्यालय सतना में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं।

### ग्रामपंचायत भूरसाडोंगरी को पानी टैंकर की भी मिली सौगात

## अटल ग्राम सुशासन भवन का किया भूमिपूजनः विधायक कर्राहे ने भूरसाडोंगरी में निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी जनपद की ग्राम पंचायत भुरसाडोंगरी के नए पंचायत भवन निर्माण कार्य का बुधवार को विधायक राजकुमार कर्राहे ने भूमिपूजन किया। इस दौरान पंचायत को पानी टेंकर की सौगात भी दी गइ। बताया गया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की 100 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में इस अटल ग्राम सुशासन भवन (पंचायत भवन) का निर्माण करवाया जाना है। पूर्व में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली इसका भूमिपूजन किया था।वहीं बुधवार को विधायक राजकुमार कर्राहे ने ग्राम भूरसाडोंगरी में ₹अटल ग्राम सुशासन भवन₹ (पंचायत भवन) का भूमि पूजन किया। लाँजी विधानसभा को भी बड़ी सौगात मिली है। लाँजी, किरनापुर विधानसभा छेत्र में 14 नवीन पंचायत भवन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा विधायक राजकुमार कर्राहे के अनुरोध पर स्वीकृत किए गए हैं।छेत्रीय विधायक ने पंचायत सरपंच, पंच व कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमिपूजन संपन्न किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि भारत रत्न प.अटल बिहारी वाजपेयी को नमन



करते हुए कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भी विकसित भारत के साथ कदमताल करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कार्य कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में ग्राम कि सरपंच श्रीमती सुकमन धनराज चौधरी, उपसरपंच रमेश मेहरबान, सचिव धेडुलाल लिलहारे, रोजगार सहायक झूमकदास लिलहारे, सरपंच प्रतिनिधि धनराज चौधरी, जप सदस्य श्रीमती नर्मदा बाई मर्सकोले एवं ग्राम के नागरिक चेतन मेहरबान, व्यंकट विजयवार, प्रशांत रणदीवे, पंकज वरकड़े, इंद्रपाल सिंह चौहान, करणसिंह चौहान, आयुष मेहरबान, तुकाराम बट्टी, सुनील मेश्राम, शुभम कल्चुरी, पंच माया मेहरबान, प्रीति विजयवार, अंजना मर्सकोले, जयतूरा गजबे, रवीना शेनद्रे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**वारासिवनी।** शासकीय एस एस पी महाविद्यालय वारासिवनी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू निषेध विषय पर जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम, तंबाकू निषेध हेतु टोल फ्री नंबर की जानकारी, तंबाकू निषेध हेतु निर्मित पोस्टर प्रदर्शनी, स्लोगन महाविद्यालय प्रांगण में लगाने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम व्याख्यनकर्ता के रूप में उपस्थित डॉ दोमदत्त सिंह ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव व एक्टिव स्मोकर, पैसिव स्मोकर एवं अन्य विस्तृत सम्बंधित जानकरी दी। तत्पश्चात व्याख्यान कर्ता के रूप में उपस्थित डॉ अनिरुद्ध सिंह काकोडिया ने तंबाकू निषेध हेतु जागरूक किया।

## एसडीएम ने रामपायली की 3 अनाधिकृत कॉलोनियों की रजिस्ट्री पर लगाई रोक, पटवारियों की मिलीभगत से बेच रहे हैं प्लॉट

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में अवैधानिक रुप से कालोनियों का निर्माण एवं प्लाटों के विक्रय करने का कार्य अनवरत प्रारंभ हैं। जिसमें प्रमुख रुप से पटवारियों संलिप्तता नजर आ रही हैं। जिनके द्वारा अनाधिकृत कालोनियों के निर्माण की सूचना समय के अंदर अपने अधिकारियों को नहीं दी जाती हैं और जब कालोनाईजरों द्वारा कालोनी के अधिकांश प्लाटों की बिक्री कर दी जाती हैं, उसके बाद शिकायत होने पर पटवारियों द्वारा रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों के समक्ष पेश की जाती है। लेकिन तब तक कालोनाईजर मालामाल हो चुका होता हैं।

लेकिन पिछले कुछ समय से समाचार पत्रों में लगातार समाचारों के प्रकाशन के बाद एसडीएम राजीव रंजन पांडे द्वारा अनाधिकृत कालोनियों व कालोनाईजरों पर शिकंजा कसने का कार्य लगातार किया जा रहा हैं। कुछ माह पूर्व एसडीएम श्री पांडे द्वारा नगरीय क्षेत्र की कुछ अनाधिकृत कालोनियों के प्लाटों के क्रय-विक्रय



पर रोक लगाई गई थी। अब एक बार फिर एसडीएम वारासिवनी आरआर पांडे द्वारा 03 अनाधिकृत कॉलोनियों के प्लाटों की रजिस्ट्री पर रोक लगायी है।

जानकारी अनुसार एसडीएम श्री पांडे ने वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम रामपायली पहनं 34/39 रानिमं स्थित भूमि खसरा नंबर 331/1 रकबा 0.673 हेक्टेयर पर भूमिस्वामी चन्द्रकिरण सिंह बैस पिता उत्तम सिंह, हर्ष पिता प्रदीप सिंह, अर्चना पति प्रदीप सिंह के द्वारा बिना अनुमति के अवैध प्लाटिंग/कालोनी विकसित करने पर भूमि के भूखण्ड के क्रय विक्रय एवं पंजीयन (रजिस्ट्री) पर रोक लगाने के आदेश दिए गए है।

इसके साथ ही एसडीएम श्री पांडे ने ग्राम रामपायली के ही पहन 34/39 रानिम भूमि खसरा नंबर 553/1 रकबा 0.235 हेक्टेयर पर भूमिस्वामी रविन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, अमित सिंह, नारायण सिंह पिता ईश्वर सिंह जाति राजपूत तथा पहन 34/39 रानिम व भूमि खसरा नंबर 247 रकबा 1.233 हेक्टेयर पर भूमिस्वामी नरेन्द्र सिंह पिता गनपत अन्य 7 जाति राजपूत द्वारा बिना अनुमति के वर्ष 2024-25 में अवैध प्लाटिंग,कालोनी विकसित करने पर भूमि के भूखण्ड के क्रय, विक्रय एवं पंजीयन रजिस्ट्री पर आगामी आदेश तक रोक लगाने के आदेश जारी किए है।

**खबर संक्षेप**

## प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पेंच टाइगर रिजर्व में आयोजित समर कैम्प में करेंगे सहभागिता

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि वन एवं वन्यजीवो के प्रति जानकारी तथा समझ बढ़ाने के उद्देश्य से वन्यजीव संरक्षण विषय पर इंटर्नशिप जिला स्तरीय समर कैंप कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा में विकासखण्डस्तर पर प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले दो-दो कक्षा विद्यार्थियों एवं एक-एक नोडल शिक्षक को वन चेतना केन्द्र खावसा भेजा गया है।

# अच्छी खबर: जून में अगस्त तक का राशन हितग्राहियों को एकमुश्त मिलेगा

**जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाला खाद्यान्न पात्र परिवारों को 03 महीने की एकमुश्त राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

आगामी मानसून में राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण एवं पात्र पिरिवारों को समय-सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध करानें के लिए माह जन, जुलाई एवं अगस्त का एकमुश्त राशन का वितरण माह जून से किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान पात्र परिवारों को पीओएस मशीन पर तीन बॉयोमेट्रिक सत्यापन उपरांत राशन का वितरण होगा। तीन माह की पात्रता अंत्योदय परिवारों को खाद्यान्न 105 किलो प्रति परिवार निःशुल्क, नमक 3 किलो प्रति परिवार 3 रूपये में तथा 3 किलो शक्कर प्रति परिवार 60 रूपये में दी जाएगी।

# अब डुण्डासिवनी पुलिस ने भी आई.पी.एल. फाईनल मैच खिलाते पकड़ा आरोपी

**पुलिस अधीक्षक मेहता द्वारा आईपीएल जुआ सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ शिकायत मिलने पर कार्यवाही करवाने हेतु सख्त है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीष तिवारी ने अपने थाना स्तर पर टीम गठित की गई। आई.पी.एल. सट्टा कार्यावाही हेतु निर्देशित किया गया था।

दिनाँक 03.06.2025 को जरिये मूखबीर के सूचना प्राप्त हुई की शअपार्टमेंट टैगोर वार्ड में आईपीएल सट्टा खिलाने की सूचना तस्दीक पर थाना डूण्डासिवनी द्वारा टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई।

अपार्टमेंट के पास संदेही सुमित शंशाक श्रीवास्तव पिता शंकर प्रसाद श्रीवास्तव निवासी अकबर वार्ड टैगोर वार्ड सिवनी का मोबाईल चैक अपने मोबाईल पर पंजाब एवं आर.सी.बी. के बीच चल रहे मैच में आनलाईन आईडी के माध्यम से रूपयो – पैसों का आनलाईन सट्टा खेल रहा था। जिसके विरूध्द संबंधित धाराओं में मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# लखनादौन पुलिस ने तीन गौवंश तस्करों को दबोचा

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा, अनु.अधि.पुलिस श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस ने टक से 34 गौवंश को जप्त कर, 03 गौ तस्करों को गिरफतार करने में बडी सफलता प्राप्त की है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



दिनांक 03/06/2025 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि जबलपुर तरफ से एक ढक UP77AT5238 जो कि सिवनी तरफ जा रहा है जिसमें अवैध रूप से गौवंश ठुस-ठुस कर भरे है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर एन.एच. 44 रोड बम्होडी के पास टीम द्वारा घेराबंदी की गई घेराबंदी देखकर ढक UP77AT5238 का चालक वाहन को नरसिंहपुर रोड की ओर मोडकर भागने लगा जिसे पीछा कर भरकस प्रयास से पकडा गया। जिसमें तीन लोग (1) कन्हैया पिता रमाशंकर उम्र 25 साल निवासी राजनगर कानपुर देहात उ०प्र० (2) आशु खान पिता शाहिद खान उम्र 40 साल निवासी सफिपुर पटटी थाना बुढाना जिला मुज्जफफरनगर उ०प्र० (3) कपिल पिता केदारनाथ उम्र 20 साल निवासी भोगलीपुर थाना राजपुर कानपुर देहात उ०प्र० के मिले, ट्रक में लगी त्रिपाल को हटा कर चैक करने पर वाहन में 34 नग गाँवश नाटा टुंस-टुंस कर भरे हुए पाये गये। आरोपीगणों द्वारा गौवंश को छतरपुर से भरकर अमरावती लेकर जाना बताया। आरोपीगणों के कब्जे से पांच अलग-अलग वाहनों के फर्जी नम्बर प्लेट मिले जिसे अलग-अलग क्षेत्रों में अलग अलग नम्बर प्लेट बदल लेते थे। जप्त वाहन में भी फर्जी नम्बर प्लेट लगा होना पाया गया। इस प्रकार, 34 नग गौवंश सहित वाहन को जप्त कर 03 आरोपियों को गिरफतार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 9 म०प्र० गौवंश प्रति० अधि०,6ग, 7, 10 म०प्र० कृषक पशु परिरक्षण अधि. 11 घ पशुओं के प्रति कुरता निवारण अधिनियम, 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट, 338 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विश्वसनीय मुखबिर को सूचना देने पर 5000 रू. का नगद ईनाम दिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी :-** (1) कन्हैया पिता रमाशंकर उम्र 25 साल निवासी राजनगर कानपुर देहात उ०प्र० (2) आशु खान पिता शाहिद खान उम्र 40 साल निवासी सफीपुर पटटी थाना बुढाना जिला मुज्जफरनगर उ०प्र० (3) कपिल पिता केदारनाथ उम्र 20 साल निवासी भोगलीपुर थाना राजपुर कानपुर देहात उ०प्र० जप्ती :- 1- एक महिन्द्रा कंपनी का 16 चका ढक UP77AT5238 कीमत करीबन 35 लाख रूपये 2- गौवंश नाटा 34 नग कीमत 01 लाख 40 हजार रूपये । सराहनीय कार्य :- निरीक्षक के.पी. धुर्वे, सउनि. गोविंद पटेल, आर. नवनीत पांडये आर. ओमकार पटेल, आर संदीप उईके, आर. ओमप्रकाश धुर्वे आर. अजय मण्डल चालक प्र०आर० रमेश गोटिया सै. महेश वरकडे, सै. ओमकार 100 डायल पायलेट राजेन्द्र मरकाम का सराहनीय योगदान रहा।


# प्लास्टिक प्रदूषण ने भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म कर मनुष्य को इसका मानसिक रूप से गुलाम बना लिया है - डॉ. के.के. चतुर्वेदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सामान्यतः पर्यावरण को दो प्रमुख भागों में बांटा जाता है, प्राकृतिक एवं मानव निर्मित पर्यावरण जहाँ प्राकृतिक पर्यावरण के अंतर्गत भौतिक एवं जैविक पर्यावरण आता है, वहीं मानव निर्मित पर्यावरण के अंतर्गत सांस्कृतिक एवं सामाजिक पर्यावरण आता है।

प्लास्टिक प्रदूषण मानव निर्मित प्रदूषण है। यह प्रदूषण आज विश्व पटल को प्रभावित कर समूचे विश्व को अपनी उपलब्धता के साथ-साथ हानिकारक तत्वों से अवगत कराते हुए जीव-जन्तुओं सहित जल, थल, नभ सभी को अपने विषैले क्षेत्र से आलोकित किया हुआ है।

विश्व के विकासशील देशों मे प्लास्टिक का उपयोग व्यापक मात्रा में बढ़ रहा है। इसकी तह में हमारे घरों का 80 प्रतिशत हिस्सा भरा पड़ा है। जहाँ प्लास्टिक का उपयोग विभिन्न प्रकार के खाद्यानों के रख रखाव, निर्माण सामग्रियों सहित खाद्य/पेय पदार्थों, तरल पदार्थों की पैकेजिंग मे होता है, वही स्ट्रेचेबल कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों सहित सभी क्षेत्रों सहित विज्ञान एवं तकनीकि के क्षेत्र में इसका बोलबाला चरम पर है।

यह सर्वविदित है कि मानव निर्मित प्लास्टिक का इस्तेमाल 1855 मे अलेक्जेंडर पाक्र्स (इंग्लैंड के रसायनज्ञ) ने किया तथा 1907 से प्लास्टिक का उपयोग प्रारंभ हुआ। भारत मे 1940 मे पहली बार प्लास्टिक का उपयोग हुआ। 1957 में भारत में इसका उत्पादन शुरू हुआ। आज भारत मे प्लास्टिक कचरा का लगभग 26000 टन का निर्माण प्रतिदिन होता है। जिनका उपयोग पैक्ड, फुड आइटमों जैसे चिप्स, कुरकुरे आदि, घरों के इस्तेमाल हाने वाले नल, पाइप, दरवाजों मे, स्ट्रेचेबल कपड़ों मे, रोजमर्रा मे उपयोग होने वाले टूथब्र्रश, टूथपेस्ट, डिब्बे/डिब्बियों, शीशियों, बाटलों सहित विभिन्न उत्पादों को रखने मे हो रहा है। वही आज की मूल भूत आवश्यकता मोबाईल, पेन, लैपटाप, कम्प्यूटर, टी.वी., गाड़ी, मोपेड, बस, ट्रक, आदि की बॉडी के निर्माण में प्लास्टिक का बहुतायत में प्रयोग हो रहा है जो बेहद चिंतनीय है।



प्लास्टिक पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती है सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे पानी की बोतलें, , प्लास्टिक के बैग, खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग, प्लास्टिक की प्लेटें, कप आदि एक यह बार इस्तेमाल कर फैंक दिये जाते हैं जो आसानी से सड़ता नहीं जिससे मिट्टी, पानी आदि प्रदूषित होते हैं जो जानवरों सहित जीव-जन्तुओं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं।

प्लास्टिक प्रदूषण के मुख्य कारकों में डिमांड से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन, खपत तथा अपशिष्ट के प्रबंधन में कमी है। भारत में प्रतिदिन 26000 टन प्लास्टिक कचरा का उत्पादन होता है बैप्त्व(राष्ट्रमंडल वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन) की रिपोर्ट के अनुसार केवल 8 प्रतिशत ही रिसाइकल होता है, शेष 92 प्रतिशत नदी, नालों, तालाब एवं समुद्र तटों सहित उपयोगी कृषि योग्य भूमि के प्रथम पृष्ठ पर जमा होकर खेतों की उर्वरा शक्ति को प्रभावित कर उत्पादन को प्रभावित करता है।

अतः प्रतिदिन का 90-92 प्रतिशत प्लास्टिक कचरा पर्यावरण प्रदूषण को प्रतिदिन प्रभावित कर रहा है। इस बावत आवश्यकता है, प्लास्टिक के निर्माण में कमी कर कपड़े के थैले का उपयोग सामग्री रखने हेतु स्टील, लोहे के कंटेनर पात्रों के निर्माण करने की तथा रिसाइकल होने वाले प्लास्टिक कचरे को संबंधित उपक्रम तक भेजने की व्यवस्था करना सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों की जबावदेही तय करना होगा। तभी हम विश्व पर्यावरण दिवस की थीम के अनुरूप समाज एवं देश को आगे ले जा सकेंगे।

अन्ततः प्लास्टिक का उपयोग कम करके ही हम अपना जल, जंगल, जमीन सहित स्थूल पर्यावरण को संरक्षित रख सकते हैं। अन्यथा यह प्लास्टिक हमें संधातिक बीमारियों की चपेट में ले जाने कोई कसर नहीं छोडेगा। सतर्क रहने, सजग रहने एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक प्लास्टिक से बचाव कर सभी को सुरक्षित रखना हमारी जबाबदेही है।

# मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए समन्वय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता की अध्यक्षता में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए समन्वय बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया।

बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा जिले के विकासखंडवार चिन्हांकित किए गए संवेदशील ग्रामों की जानकारी देते हुये विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में बताया गया साथ ही अन्य विभागों से अपेक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए संवेदनशील सभी क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाईयों के छिड़काव के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने सभी नगरपालिकाओं के अधिकारियों को आवश्यक दवाईयों एवं अन्य जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री मेहता द्वारा मच्छर जनित रोगों से रोकथाम के लिए मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## पूर्व सदस्य राज्य कर्मचारी आयोग वीरेंद्र खोंगल का सिवनी दौरा

मध्य प्रदेश के सिरमोर वरिष्ठ कर्मचारी नेता वीरेंद्र खोंगल जी का अपने दो दिवसीय प्रवास पर सिवनी आगमन होने जा रहा है जिसे लेकर कर्मचारी संगठनों में काफी उत्साह व्याप्त है जिनके स्वागत एवं बैठक की तैयारी होटल नटराज में की गई है जिसमें समस्त संगठनों के तहसील जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे इस अवसर पर उनके साथ पधार रहे कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सम्मानित सुरेंद्र निगम जी का भी स्वागत किया जाएगा उक्त आशय की जानकारी प्रदेश महामंत्री कर्मचारी कांग्रेस श्री साजिद खान के द्वारा दी गई के द्वारा दी गई।

## सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा शासकीय स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला आमागढ़ एवं शासकीय प्राथमिक शाला परासिया में गिफ्ट की डेस्क

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिलें के प्रत्येक शासकीय विद्यालय में डेस्क उपलब्ध कराने की ₹गिफ्ट ए डेस्क₹ मुहिम में बड़ी संख्या में दानदाता सहभागिता कर रहें हैं। इसी क्रम में दानदाता सेवानिवृत्त शिक्षक विजय घरोटे द्वारा एकीकृत शाला आमागढ़ विकासखंड बरघाट में 09 डेस्क एवं सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश कुमार माथुर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला परासिया विकासखंड सिवनी में 02 दान की गई हैं। जिससे इन स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को बड़ी सुविधा होगी। अन्य दानदाता भी **https://sites.google.com/view/gift-desk/home** में अपना पंजीयन कराकर अपनी इच्छानुरूप स्कूल में डेस्क गिफ्ट कर सकते हैं।

### अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों की कलेक्टर एवं एसपी ने की समीक्षा

# राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्थानीय स्तर पर दलों को बनाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता द्वारा जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने आपात परिस्थितियों में जान- माल की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला स्तर एवं खंड स्तर में बाढ़ कंट्रोल रूम बनाने तथा जानकारियों के त्वरित आदान-प्रदान के लिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने सम्बन्धित एसडीएम से पूर्व अनुभव के आधार पर चिन्हांकित किये गये बाढ़ संभावित क्षेत्रों की जानकारी लेने के साथ ही आपात स्थिति में प्रभावित लोगों को रखने के लिये स्थान सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की कार्य योजना के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि राहत एवं बचाव के लिए सुनियोजित कार्य योजना तैयार करें तथा संबंधित क्षेत्र के निवासियों को भी अवगत करायें। ऐसे क्षेत्र के ग्रामीण जनों को संभावित खतरों के विषय में जागरूक करें तथा उन्हें ऐसी परिस्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में भी अवगत करायें। कलेक्टर ने राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्थानीय स्तर पर दलों को बनाने के निर्देश दिए हैं जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के कुशल तैराकों एवं इच्छुक वालेंटियर्स को शामिल करने के निर्देश दिये हैं।

### नहरों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने एवं आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर एवं एसपी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के छोटे-बड़े बांध और जलाशय विशेषकर भीमगढ़ बांध की स्थितियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को बांधों के भरने की स्थिति में गेट खोलने के पूर्व ग्रामवासियों को सूचना देने का तंत्र विकसित करने तथा उनके लिए सुरक्षित स्थानों की पहचान करें। इसके साथ ही उन्होने सभी नहरों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने एवं आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने अतिवृष्टि के दौरान जलमग्न होने वाली पुल, पुलियों एवं रपटों की पहचान कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संबंधित निर्माण एजेन्सियों को ऐसे स्थानों पर चेतावनी चिन्ह लगाने के निर्देश दिए हैं तथा जलमग्न होने की स्थिति में बेरीकेटिंग कर आवागमन अवरूद्ध करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी स्थानों में बारिश के पूर्व नाले एवं नालियों की सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही निचले स्थानों की पहचान कर वहां से जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

कलेक्टर एवं एसपी ने होमगार्ड की टीम को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक उपकरणों की जांच कर उनका उचित रखरखाव करायें। साथ ही दलों का गठन कर उन्हें जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में डिप्लाय करें। दलों का प्रशिक्षण करायें तथा ग्रामवासियों को भी बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में अवगत करायें। कलेक्टर ने मेडिकल विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी अलर्ट मोड में रहने तथा दवाइयों एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पीएचई विभाग को सभी पेयजल स्त्रोतों की नियमित जांच करने तथा उनके शुद्धिकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं

# कान्हीवाड़ा हाल्ट स्टेशन की समस्याओं को तत्काल सुधारने के नागपुर डीआरएम ने दिये निर्देश



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा, हाल्ट स्टेशन की समस्याओं को तत्काल सुधारने के नागपुर डीआरएम के निर्देश एम नईम खान ने माना आभार, प्रधानमंत्री सड़क की बंडोल मार्ग पर रेलवे अंडर ब्रिज मैं पानी भरने की समस्या को लेकर स्टेशन परिषद पर प्रकाश व्यवस्था रेलवे एप्रोच रोड स्टेशन के पास नाला की सफाई भोपाल इंदौर की पहले की तरह सीधी टिकट उपलब्ध कराई जाए मांग को लेकर विगत दिनों सिवनी रेलवे स्टेशन पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम नागपुर को ज्ञापन प्रेषित किया था जिस पर डीआरएम नागपुर में ब्रिज में पानी भरने की समस्या प्रकाश व्यवस्था को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए जिस पर प्रकाश व्यवस्था सुचारु कर दी गई ब्रिज में पानी भरने की समस्या का कार्य प्रारंभ कर दिया गया नालाकी सफाई भी कर दी गई जिसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक विभाग एम नईम खान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम का क्षेत्रीय नागरिकों की ओर से आभार व्यक्त किया शेष कार्य रेलवे एप्रोच रोड की समस्या को भी गंभीरता से लेते हुए पूरा करने का आग्रह किया।

# खुले में मांस बेचने वालों विक्रेता से वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला दण्डाधिकारी सिवनी श्रीमती संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता खुले में बिना अनुमति के मांस, मछली एवं अंडे के विक्रय करने के विरूध्द न केवल सख्त है अपुति ऐसा करने वाले विक्रेता के विरूध्द प्रभावी कार्रवाई जाने के निर्देश प्राप्म हुए है जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 03/06/2025 को कोतवाली पुलिस द्वारा नगरपालिका परिषद सिवनी के साथ संयुक्त रुप से नगर के विभिन्न स्थानों में पैदल



भ्रमण करते हुए बिना अनुमति, खुले में मांस, मछली एवं अंडे का विक्रय करने वाले कुल 08 विक्रेताओं के विरुध्द चालानी कार्रवाई करते हुए 1500/- रुपये की समन शुल्क वसूला गया एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेता को समझाईश दी गई है। मांस, मछली एवं अंडे का विक्रय करने वाले विक्रेताओं के पास खाद्य विभाग द्वारा जारी लाइसेंस होना अनिवार्य है, बिना लाइसेंस के विक्रय करना अवैध हैं। मांस, मछली एवं अंडे का विक्रय लाइसेंस में दशयि स्थान पर ही करें। कोई भी विक्रेता दुकानों के सामने मांस, मछली एवं अंडे का प्रदर्शन न करें। दुकानों में अपारवीं कांच दरवाजा एवं साफ सफाई की संपूर्ण व्यवस्था करें। मांस काटने के लिए लोहे के स्थान पर स्टील से बने उपकरण का इस्तेमाल करें एवं मांस काटने के 13 घंटे के अंदर उसका विक्रय करें। मांस एवं मछली को दुकानों में इककर रखना अनिवार्य है ताकि वे दूषित न हो और यात्रियों तथा बच्चों की नजर उन पर न पड़े।

### सिवनी विधायक, पुलिस अधीक्षक, कबड्डी टीम के संरक्षक संतोष अग्रवाल सहित खेल प्रेमियो ने किया गर्मजोश स्वागत

# कबड्डी में परचम लहराने वाले उदय का सिवनी पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले के कबड्डी खिलाड़ी उदय परते का भव्य स्वागत किया गया है। उदय ने प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में जयपुर पिंक पैंथर्स टीम में अपनी जगह बनाई है और उन्हें 50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया गया है। सिवनी कबड्डी अकादमी के पदाधिकारियों सहित संरक्षक संतोष अग्रवाल (संचालक बाहुबली होटल) ने उदय परते का शाल, श्रीफल और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और उनके पिता श्याम कुमार परते का फूल माला से स्वागत किया। उदय की कोच श्रीमती संगीता सिंह (एन आई एस कोच)



जिन्होंने उदय को तराशने में कुशलता से काम किया ने भी उदय की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उदय ने अपनी सफलता श्रेय अपनी कोच को देते हुये उनका आशीर्वाद लिया ।

अकादमी के संरक्षक श्री अग्रवाल ने उनके होम ग्राउंड के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने का विश्वास दिया और अन्य खिलाडियों को उदय की तरह अच्छे खेल प्रदर्शन और अभ्यास के लिए प्रोत्साहित किया और प्रो खिलाड़ी को अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

जिले के कप्तान आईपीएस सुनील मेहता सर ने उदय का पुष्प गुच्छ और पुष्प माला से अभिवादन किया। सिवनी के यशस्वी और लाडले विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भी उदय को शुभकामनाएं दी हैं और आशीर्वाद प्रदान किया है।

वही खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे एवं खेल विभाग परिवार द्वारा भी शुभकामनाएं दी गई ,मोनू मिश्रा (विधायक प्रतिनिधि खेल विभाग) एवं रघु ठाकुर (सचिव जिला कबड्डी संघ) द्वारा बधाई प्रेषित की गई

कबड्डी अकादमी के अध्यक्ष अनिल कनोजिया और अब्दुल हक खान पवन,अभय ने उदय के गृह ग्राम उड़ेपानी जाकर उसे बधाई दी और परिवार का मुंह मीठा किया।

# एनपीएस में मिसिंग क्रेडिट चालान की प्रविष्टियां 15 दिवस में कराने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश के एनपीएस के अधीन कार्यरत सभी शासकीय सेवक जिनकी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत मिसिंग क्रेडिट चालान की प्रविष्टियां उनके एनएसडीएल पीआरएएन एकाउंट में लंबित है, निराकरण 15 दिवस में करवा सकते हैं। संचालक कोष एवं लेखा डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया है कि एनपीएस के मिसिंग क्रेडिट अंशदान की आहरण एवं संवितरण अधिकारी से समायोजन की कार्यवाही करने के लिये कोषालय स्तर पर चिन्हांकन नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासकीय सेवक वांछित अभिलेख एवं चालान की प्रति के साथ आहरण एवं संवितरण अधिकारी से संपर्क कर निराकरण के लिये कार्यवाही कर सकते हैं। आगामी 15 दिवस में समस्या का निराकरण नहीं कराने पर लंबित प्रकरणों की जिम्मेदारी संबंधित शासकीय सेवक/आहरण एवं संवितरण अधिकारी की होगी।

### मनरेगा योजना में उपयंत्री लालिमा गौतम नियम कानून ताक में रखकर भ्रष्टाचार को दे रही हैं बढ़ावा

# उपयंत्री का संरक्षण, ग्राम पंचायत मांझापुर में जमकर भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत मांझापुर में अप्रेल-मई 2025 में निर्माणाधीन ग्रेवल, सुदूर सड़क अनिल बाघमारे के घर से साहू टोला पहुंच मार्ग जो कि लगभग 14 लाख रूपये की लागत से बनाई गई हैं। उपरोक्त मार्ग में गुणवत्ताहीन मुरूम का उपयोग किया गया हैं। बारिश के समय में उपरोक्त मार्ग में जमकर कीचड़ हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना हैं कि सरपंच रूखमणी मर्सकोले तथा प्रभारी सचिव लिखेन्द्र बिसेन तथा जी.आर.एस मेहरबान के द्वारा सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं बरतते हुए निर्माण कार्य किया गया हैं। प्रकलन अनुसार सड़क निर्माण नहीं बनाई गई हैं, वहीं जेसीबी मशीन तथा रोटरी का प्रयोग मनरेगा के कार्यों में उपयंत्री लालिमा गौतम के सरंक्षण में भरपूर किया जा रहा हैं।**

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मांझापुर में सीसी सड़क निर्माण कार्य, तालाब निर्माण कार्य तथा नाली निर्माण कार्य में उपयंत्री लालिमा गौतम के द्वारा आंख बंद करके सीसी जारी कर दी गई हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि उपयंत्री को निर्माण कार्य से कुछ लेना देना नहीं हैं। उन्हें निर्माण कार्यों में परसेंटेज मिल जाए तो सभी कार्य ठीक हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत मांझापुर के द्वारा किए गए निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।


सुदूर सड़क निर्माण जो कि लगभग 14 लाख रूपये की लागत से बननी थी मार्ग एक किलोमीटर भी नहीं हैं। उपरोक्त कार्य में मार्ग की मोटाई बहुत कम की गई हैं तथा निर्माण कार्य के दौरान जानकारी देने वाले बोर्ड भी सचिव के द्वारा नहीं लगाया गया हैं।



### आरोपी से 60 शीशी ग्लेनकॉफ-सी सिरप बरामद, किया गिरफ्तार

# नशीले सिरप की तस्करी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






बालाघाट जिले की मलाजखंड पुलिस ने प्रतिबंधित नशीले सिरप की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मलाजखंड थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र यादव के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भीम जोरी और पौनी की ओर नशीले कफ सिरप की तस्करी हो रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बंजारी टोला रोड पर नाकाबंदी की गई।

पुलिस ने पौनी निवासी 47 वर्षीय संतोष धानेश्वर को पकड़ा। उसके पास से प्रतिबंधित नशीले कफ सिरप ग्लेनकॉफ-सी की 60 शीशियां और एक दुपहिया वाहन बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का कार्य अंतिम चरण में

### 15 जून से बायपास-गोंदिया रोड मार्ग शुरू होगा; अगस्त तक पूरा काम खत्म

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में निर्माणाधीन सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। 38.67 करोड़ की लागत से बन रहे इस ओवरब्रिज पर अगस्त तक आवागमन शुरू हो जाएगा।

सेतु संभाग पहले चरण में 15 जून तक सरेखा बायपास से गोंदिया रोड मार्ग को शुरू करेगा। इस मार्ग पर केवल पथ-वे का कुछ काम शेष है। बिजली के काम में साढ़े तीन करोड़ रुपए खर्च होंगे।

अभी तक केवल केबल बिछाई गई है। 989.44 मीटर लंबा और 7.30 मीटर ऊंचा यह ओवरब्रिज वाय आकार का है।

बालाघाट साइड पर इसकी लंबाई 180 मीटर, गोंदिया साइड पर 240 मीटर और बैहर साइड पर 141 मीटर है। रेलवे विभाग रेल पटरी पर ओवरब्रिज का निर्माण कर रहा है, जिसमें स्लैब का काम बाकी है।

सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया के अनुसार, ओवरब्रिज की डेडलाइन 5 जुलाई है। दो स्लैब का काम 15 दिनों में पूरा किया जाएगा। बैहर रोड से गोंदिया रोड की ओर का हिस्सा 15 जून तक शुरू होगा। इससे हैवी ट्रैफिक यहां से गुजर सकेगा और सर्विस रोड का काम पूरा किया जा सकेगा।

यह प्रोजेक्ट 16 मई 2023 को शुरू हुआ था। पहले इसकी समय-सीमा 25 मई 2025 थी, लेकिन अब इसे जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# पॉश एरिया प्रेमनगर में चोरी की कोशिश

### सीसीटीवी में रेकी करते दिखा संदिग्ध, व्यापारियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के वार्ड नंबर 27 प्रेमनगर में बुधवार सुबह चोरी करने की कोशिश की गई। इस क्षेत्र में जूलरी, किराना, कपड़ा और स्टेशनरी की दुकानें हैं। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति क्षेत्र की रेकी करते नजर आया।

घटना की जानकारी मिलते ही वार्ड पार्षद आशुतोष डहरवाल ने स्थानीय निवासियों के साथ कोतवाली में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। पुलिस ने नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

पार्षद डहरवाल ने थाना प्रभारी से मुलाकात के दौरान क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग की। साथ ही नगर पालिका को पत्र लिखकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उन्होंने बिजली के खंभों के बीच अधिक दूरी को देखते हुए तेज रोशनी वाली लाइटों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया है।

प्रेमनगर में आवासीय क्षेत्र के साथ बड़ी संख्या में व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। इस कारण यहां सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है, जिससे निवासी और व्यापारी सुरक्षित महसूस कर सकें।

# कूड़े के ढेर में लगी आग मचा हड़कंप

### दमकल वाहन ने तेजी से फैल रही आग पर पाया काबू बड़ी घटना टली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम कटेधरा में बसाहट के नजदीक स्थित एक कूड़े के ढेर में अचानक से आग भड़क गई. आग कैसे लगी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई. पशुचारे के अपशिष्ट के फेंके जाने से बने इस कूड़े के ढेर में लगी आग इतनी तेजी से भड़की की चंद मिनट में ही आस-पास के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया और बसाहट की तरफ बढ़ने लगी. जिससे अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया. आगजनी की घटना के तत्काल बाद स्थानीय जनों ने नगर परिषद कटंगी में आगजनी की सूचना दी. सूचना मिलने पर नगर परिषद का दमकल वाहन घटनास्थल पर पहुंचा. जिसने तेजी से फैल रही आग पर काबू पाया. जिसके बाद स्थानीय रहवासियों ने राहत की सांस ली. घटना बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे के आस-पास की है. अनुमान लगाया जा रहा है कि सड़क पर चलते किसी राहगीर ने कूड़े के ढेर में जलती हुई माचिस, बीड़ी-सिगरेट का टूकड़ा फेंक दिया होगा जिससे यह आग लगी. गनीमत की बात यह रही कि हादसा सुबह के वक्त हुआ और लोगों की नजर में आ गया. अगर, देर रात्रि में यह घटना होती तो शायद आस-पास के रहवासियों को मालहानि हो सकती थी।

# स्व-सहायता समूहों के अध्यक्ष, सचिव व रसोईया को दिया जा रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के सभा कक्ष में एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने बीआरसी व बीएसी की उपस्थिति में उत्कृष्ट सालेटेका व कुण्डे शंकुल के सहायता समूह /अध्यक्ष सचिव रसोईया एवं शाला प्रभारी की संयुक्त बैठक ली। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्तिकेय जायसवाल द्वारा मध्यान भोजन के सफल संचालन हेतु दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए गए। बीआरसी सी एल टेकाम, बीएसी महाजन बिसेन तथा जन शिक्षक उपस्थित रहे एसडीएम ने हरि खरपतवार सब्जियों पर बल दिया। मेन्यू का पालन व साफ सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

सैंपल टिफिन वाला व मां की बगिया में सब्जियों का उत्पादन कर छात्रों को वितरित करने पर बोलदिया गया शाला प्रभारी द्वारा प्रतिदिन एसएमएस करना, भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखना तथा रिकार्ड संधारित करने की जिम्मेदारी दी गई किसी भी प्रकार की कमी वसमस्या होने पर तत्काल सूचना बीआरसी के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी को दी जाए ताकि समस्या अवधि में निराकरण किया जा सके।

### किसी भी स्तर का अधिकारी हो सूचना के आदान प्रदान करने में संकोच न करें

# बाढ़ राहत व नियंत्रण कार्यो में कम्युनिकेशन गेप की स्थिति निर्मित नहीं हो

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जबलपुर कमिश्नर धनंजय सिंह भदौरिया और नागपुर कमिश्नर डॉ. श्रीमती माधवी खोड़े की संयुक्त अध्यक्षता में मप्र-महाराष्ट्र और तेलंगाना जिलो के कलेक्टर्स व जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंताओं के साथ समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से मप्र की नदियों का जल जो महाराष्ट्र व तेलंगाना राज्य में प्रवेश करता है। इनका जल अपने-अपने राज्यों में डेम व परियोजनाओं के माध्यम से संग्रहित किया जाता है। बाढ़ व आपदा की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न नदियों के जल संग्रहण व निस्तारण के साथ महाराष्ट्र राज्य से तेलंगाना में प्रवेश में लगने वाले समय का आंकलन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नागपुर कमिशनर डॉ. खोड़े ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि आपदा या बाढ़ की स्थिति में हम सब एक जुट मिलजुल कर कार्य सम्पादित करेंगे तो किसी प्रकार की हानि नही होगी। इसके लिए जरूरी है कि हम एक दूसरे के साथ बारिश व डेम ग्रहण क्षमता आदि के सम्बंध में समय पर सूचनाओं का आदान प्रदान करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ व्हाटसअप ग्रुप पर जानकारी शेयर कर देंना ही पर्याप्त नही है, हर समय चौकन्ना रहकर कार्य करना है। ऐसी स्थिति भी निर्मित नही हो कि कोई मोबाइल बन्द करदे मोबाइल डिस्चार्ज हो आदि तरह का कम्युनिकेशन गेप नही रहे। वीसी के माध्यम से हुई इस बैठक में मप्र से बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीना, सिवनी कलेक्टर शीतला पटले, छिन्दवाड़ा व पांढुर्णा कलेक्टर मौजूद रहे। जबकि महाराष्ट्र से गोंदिया, नागपुर, भंडारा, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, वर्धा तथा तेलंगाना से जयशंकर भूपल्ली, निजामाबाद और पेडपल्ली जिलो के कलेक्टर्स व जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री तथा नागपुर के मुख्य अभियंता भी मौजूद रहे।

# 9 जून को टेटेकसा में मेधावी विद्यार्थीयो का सम्मान समारोह का होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम टटेकसा गजपुर में सेवा संकल्प के तहत समाजसेवी रविना जितेन्द्र गौतम के तत्वावधान में 9 जून सोमवार को मेधावी विद्यार्थीयो का सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समाजसेवी जितेन्द्र गौतम के द्वारा दी गई। उक्त सम्मान समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में बालाघाट सिवनी सासंद भारती पारधी एंव कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी प्रमुख रूप से शामिल होकर प्रतिभावान छात्र छात्राओ को शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अंचल के बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। सम्मान समारोह का आयोजन लगातार चार वर्ष से सेवा संकल्प समिति के पदाधिकारीयो के द्वारा किया जा रहा है ।जिसका उद्देश्य अंचल के बच्चो को शिक्षा के प्रति आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर अतिथी के रूप मे ताराचंद नागरीकर सेवानिवृत्त शिक्षक ,प्रकाश ऊके जिप.सदस्य, गजपुर सरपंच निशा मनीराम घाटे, टटेकसा सरपंच शिवदयाल आचरे ,डीसी ठाकरे पूर्व सहायक प्रबंधक गजपुर, मेष देशमुख पूर्व नगर पालिक अध्यक्ष कटंगी, अरूणा बाई गजभिऐ पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डा.पुरुषोत्तम देशमुख, दिपेश्वरी लिल्हारे भाजपा मंडल अध्यक्ष, सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# 8 वर्षीय बालक की खेत तालाब में डूबने से मौत

**कटंगी।** खेत की तरफ बकरी चराने गए एक 08 वर्षीय बालक की खेत तालाब में डूबने से मौत हो गई. घटना कटंगी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटेरा के बोपली गांव की है. जहां पर बुधवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे के आस-पास खेत तालाब में डूबने से 08 वर्षीय बालक प्रेंजल पिता राजकुमार नागमोते की मौत हो गई. प्रांजल अपने दो अन्य दो दोस्तों के साथ खेत की तरफ बकरी चराने के लिए गया हुआ था. जहां हितग्राही केसरी राहंगडाले के खेत में बन रहे खेत तालाब के पानी में डूबने से प्रांजल की मौत हो गई. मिली जानकारी अनुसार गर्मी का मौसम और दोपहर में तेज धूप के कारण मजदूर प्रतिदिन की तरह आज बुधवार की सुबह 07 बजे ही खेत तालाब से कार्य कर दोपहर तक अपने घर लौट आए थे. बोपली गांव में दोपहर को बारिश हुई जिसका पानी खेत तालाब में जमा हो गया था. दोपहर 03 बजे प्रांजल नागमोते अपने दो दोस्तों के साथ बकरी चराने गया था जहां खेत तालाब में डूब गया।

### मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए नेत्र रोगी जबलपुर हुए रवाना

# खैरलांजी में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में 4 जून बुधवार को अस्पताल परिसर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में किया गया । निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में 24 नेत्र रोगियो ने ओपीडी में पंजीयन कर उपचार कर उचित परामर्श प्राप्त किया। जिसमें से 9 नेत्र मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें आपरेशन के लिए रवाना किया गया । बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया । आगामी 18 जून को अगला नेत्र शिविर मुख्यालय के अस्पताल में होगा।



DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA DCA M.Sc.(CS) PGDCA
विशेषताएं:-

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass
& Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com